
Set-A
वार्षिक मूल्यांकन प्रश्नपत्र 2022-23
परीक्षा अवधि- 2.30 घण्टे
कक्षा- 8
विषय - विज्ञान
पूर्णांक - 60
अनुक्रमांक
शाला का नाम
अंकों में

वार्षिक मूल्यांकन प्रश्नपत्र 2022-23

Set -A. परीक्षा अवधि - 2.30

कक्षा-8वीं

विषय- विज्ञान

नोट- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए ।(5)

(i) फसल की बुआई में उपयोगी कृषि औजार है-
(अ) हल
(ब) बेसर
(स) रहट
(द) सीड ड्रिल
उत्तर - …………………………………………..
Ans-(अ) हल

(ii) ब्रेड अथवा इडली फूल जाती है, इसका कारण है

(अ) उष्णता
(घ) पीसना

(स) यीस्ट कोशिकाओं की वृद्धि
(द) मकड़ी
उत्तर - …………………………………………..
Ans-(स) यीस्ट कोशिकाओं की वृद्धि

(iii) अमीबा में प्रजनन होता है
(अ) मुकुलन द्वारा
(ब) द्विखंडन द्वारा
(स) संलयन द्वारा
(द) कायांतरण द्वारा

उत्तर - …………………………………………..

(iii) धनुष को खींचने के लिए धनुर्धर द्वारा लगाये गये बल का उदाहरण
(अ) पेशीय बल
(घ) चुंबकीय बल
(स) असम्पर्क यल
(द) गुरुत्व बल
उत्तर - …………………………………………..

Ans-(अ) पेशीय बल

(v) किस रेशे का तार, इस्पात के तार से अधिक प्रबल होता है -
(अ) कपास
(ब) रेवान
(स) ऊन
(द) नाइलॉन
उत्तर - …………………………………………..

Ans- (द) नाइलॉन

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।(4)

(i) एल्कोहल का उत्पादन …. …. नामक सूक्ष्मजीव की सहायता से किया जाता है।
Ans- यीस्ट
(ii) धातुएं, अम्लों से अभिक्रिया कर ……..गैस बनाती है।
Ans- हाइड्रोजन

(iii) तेल द्वारा उत्पन्न आग को........द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।
Ans- जल के द्वारा
(iv) ग्रह की परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिंड को ......कहते हैं।
Ans - सेटेलाइट
प्रश्न 3. अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

(i) खरपतवार क्या है? हम उनका नियंत्रण कैसे कर सकते हैं?
उत्तर-...
....
Ans- (i) फसल उगाने से पहले खेत जोतकर- इससे खरपतवार पौधे सूख कर मर जाते हैं। (ii) पुष्पण एवं बीज बनने से पहले हाथ से, खुरपी या फैरोंकी सहायता से पौधों को उखाड़कर। (iii) खरपतवारनाशी रसायनों का उपयोग करके-इससे खरपतवार पौधे मर जाते हैं।

(ii) कोक का एक अभिलक्षण व एक उपयोग लिखिए।
उत्तर-...
....
कोक के अभिलक्षण-कोक कठोर, सरंध्र और काला पदार्थ होता है। यह कार्बन का लगभग शुद्धतम रूप है। उपयोग-(1) इस्पात के औद्योगिक निर्माण में प्रयुक्त होता है। (2) धातुओं के निष्कर्षण में इसका उपयोग होता है।

(iii) प्रवास से आप क्या समझते हैं?
उत्तर-...
....
Ans - कुछ स्पीशीज द्वारा अपने आवास से किसी निश्चित समय में बहुत दूर जाना प्रवास कहलाता है।

(iv) अलैंगिक जनन की परिभाषा लिखिए। जंतुओं में अलैंगिक जनन की दो विधियों के नाम दीजिए।
उत्तर-...
....
Ans - द्विखंडन-एक वयस्क जीव जनन के लिए दो भागों में बँट जाता है, उसे द्विखंडन कहते हैं। अमीबा व पैरामीशियम में द्विखंडन प्रजनन विधि से जनन होता है। 2. मुकुलन-हाइड्रा में एक या एक से अधिक उभार (मुकुल) विकसित होकर नया जीव (हाइड्रा) बनाते हैं

(v) धक्के या खिचाव के द्वारा वस्तुओं की गति की अवस्था में परिवर्तन के दो-दो उदाहरण दीजिए।
उत्तर-...
....
Ans - धक्के के द्वारा वस्तुओं की गति की अवस्था में परिवर्तन के उदाहरण(1) मेज पर रखी पुस्तक को आगे की ओर गतिशील बनाना। (2) दरवाजे को बन्द करना। खिंचाव के द्वारा वस्तुओं की गति की अवस्था में परिवर्तन के उदाहरण(1) कुएँ से पानी की बाल्टी को खींचना। (2) किसी मेज की दराज को खोलना

(vi) सूर्य से बढ़ती दूरी के क्रम में सभी ग्रहों के नाम लिखिए।
उत्तर-...
....
Ans - सूर्य से दूरी के अनुसार, वे हैं: बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस तथा नेप्च्यून

प्रश्न 4. लघुउत्तरीय प्रश्न (15)

(i) ज्वलन ताप किसे कहते हैं? क्या कारण है कि लकड़ी की तुलना में मिट्टी का तेल जल्दी आग पकड़ लेता है ?
उत्तर-...
....
Ans - वह न्युनतम ताप जिस पर कोई पदार्थ जलने लगता है , वह ताप उस पदार्थ का ज्वलन ताप कहलाता है

(ii) जन्तु कोशिका का नामांकित रेखाचित्र बनाइए

(iii) नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को समझाइए
उत्तर-...
....
Ans - नशीली दवाओं के सेवन से केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) प्रभावित होता है, जिससे मनोवृत्ति, जागरूकता के स्तरों या अवबोधन एवं संवेदनाओं में परिवर्तन उत्पन्न होते हैं।

प्रश्न 5. चित्र की सहायता से किसी ऐसे उपरकरण का वर्णन कीजिए जिसका उपयोग किसी आवेशित वस्तु की पहचान में होता है। (5)
उत्तर-...
....
अथवा
तड़ित से अपनी सुरक्षा के पाँच उपाय लिखिए।
उत्तर-...
....

Ans - i) यदि वाहन में हो तो वाहन की खिड़की, दरवाजे बन्द कर लें। (ii) यदि खुले क्षेत्र में हों तो ज़मीन पर सिमटकर नीचे बैठें। (iii) विद्युत् तारों तथा धातु की चीजों को न छुएं। (iv) तार वाले फोन का प्रयोग न करें।

प्रश्न 6 खाद्य पदार्थों का संचयन करने हेतु प्लास्टिक पात्रों के पाँच प्रमुख लाभ लिखिए। (5)
उत्तर-...
....
Ans - i) यह हल्का होता है। (ii) यह प्रबल होता है। (iii) यह चिरस्थायी होता है। (iv) प्लास्टिक खाने के साथ क्रिया नहीं करता।
अथवा

समझाइए, थर्मोसेटिंग प्लास्टिक से निम्नलिखित क्यों बनाये जाते हैं-
उत्तर-...
....
Ans- ख) विद्युत प्लगस्विच / प्लग बोर्ड- विद्युत प्लग/स्विच/प्लग बोर्ड आदि बनाने के लिए थर्मोसेटिंग प्लास्टिक का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि यह प्लास्टिक विद्युत का कुचालक होता है। अत: यह उपभोक्ता को किसी भी प्रकार के विद्युत शॉक से बचा कर रखता है।

(अ) डेगची के हत्थे (थ) विद्युत प्लग / स्विच

प्रश्न 7. विद्युत लेपन किसे कहते हैं? अपने आस-पास उपलब्ध विद्युत लोपित वस्तुओं की सूची बनाइए। (5)
उत्तर-……
………
Ans - विद्युत धारा द्वारा, धातुओं पर लेपन करने की विधि को विद्युतलेपन (Electroplating) कहते हैं। बहुधा लोहे की वस्तुओं को संक्षरण से बचाने तथा चमक के लिए, उन पर ताँबे, निकल अथवा क्रोमियम का लेपन किया जाता है। आधार धातु पर लेपन करने के बाद, लेपन की जानेवाली धातु के बाहरी गुण दिखाई देते हैं।

अथवा
क्या तेज वर्षा के समय किसी लाइनमेन के लिए बाहरी मुख्य लाइन के विद्युत तारों की मरम्मत करना सुरक्षित होता है? व्याख्या कीजिए।
उत्तर-……
………

प्रश्न 8. घर्षण किस प्रकार शत्रु एवं मित्र दोनों है, वर्णन कीजिए। (5)
उत्तर-……
………
Ans - घर्षण शत्रु है- घर्षण के हानिकारक प्रभाव निम्न हैं : घर्षण के कारण वस्तुएँ घिस जाती हैं। घर्षण से अत्यधिक ऊष्मा नष्ट होती है। घर्षण मित्र है, घर्षण अनिवार्य है क्योंकि : यदि घर्षण न हो तो चलना असंभव है ।
अथवा
सर्पी घर्षण, स्थैतिक घर्षण से कम क्यों होता है? व्याख्या कीजिए।
उत्तर-……
………

प्रश्न 9.(i) ध्वनि प्रदूषण मानव के लिए किस प्रकार से हानिकारक है, वर्णन कीजिए।(5)
(ii) अपने वातावरण में ध्वनि प्रदूषण के दो स्त्रोतों के नाम लिखिए।(2)

अथवा
(i) मानव वाक्यंत्र के कार्य की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए । (5)
(ii) निम्न वाद्ययंत्रों में उस भाग को पहचानिए जो ध्वनि उत्पन्न करने के लिए कंपित होता है-
(अ) ढोलक
(थ) सितार

प्रश्न 10 (i) मानव नेत्र का नामांकित रेखाचित्र बनाइए। (5)
(ii) खेल पद्धति क्या है? (2)
अथवा

(i) नियमित परावर्तन एवं विसरित परावर्तन को आरेख चित्र द्वारा समझाइए।(5)
(ii) पार्श्व परिवर्तन किसे कहते हैं? (2)

प्रश्न 11. (i) क्या होता है जब .

(अ) तनु सल्फ्यूरिक अम्ल, कॉपर प्लेट पर डाला जाता है?

(ब) लोहे की कील, कॉपर सल्फेट के विलयन में रखी जाती है? संबंधित अभिक्रियाओं के शब्द समीकरण लिखिए।
(ii) सोडियम को मिट्टी के तेल में रखा जाता है। कारण दीजिए (2)
अथवा

(i) धातु और अधातु में पाँच अन्तर लिखिए। (5)
(ii) ऐलुमिनियम की पत्री का उपयोग खाद्य सामग्री को लपेटने में क्यों किया जाता है? (2)

प्रश्न 12. (i) व्यक्तिगत स्तर पर आप वायु प्रदूषण को कम करने में कैसे सहायता कर सकते हैं? (5)
उत्तर-...
....
(ii) विश्व उष्णन प्रभाव किस गैस की अधिकता से होता है? इसके दो हानिकारक प्रभाव लिखिए। (2)
अथवा
(i) शुद्ध वायु तथा प्रदूषित वायु में अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)
(ii) अम्ल वर्षा किसे कहते हैं? (2)
उत्तर-...
....



Set-A

वार्षिक मूल्यांकन प्रश्नपत्र 2022-23

परीक्षा अवधि- 2.30 घण्टे

कक्षा- 8 | विषय - विज्ञान | पूर्णांक - 60

अनुक्रमांक

अंकों में

शाला का नाम

प्रश्न 1.जीवाणुओं से होने वाले दो रोग कौन से हैं–
A.मलेरिया, हैजा
B.टाइफाइड, पोलियो
C.हैजा, टाइफाइड
D.खसरा, मलेरिया
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - C.हैजा, टाइफाइड

प्रश्न 2. कोयले के अपूर्ण दहन से कौन सी विषैली गैस बनती है–
A. सल्फर
B. हाइड्रोजन
C. कार्बन मोनोऑक्साइड
D. सल्फर डाइऑक्साइड
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - C. कार्बन मोनोऑक्साइड

प्रश्न 3. सोने और चांदी को पिघलाने के लिए ज्वाला के किस क्षेत्र का उपयोग करते हैं–
A. मध्य क्षेत्र
B. सबसे बाहरी क्षेत्र
C. आंतरिक क्षेत्र
D. निचला क्षेत्र
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - B. सबसे बाहरी क्षेत्र

प्रश्न 4. भंडारण के लिए किस पेड़ की पत्तियों का उपयोग किया जाता है–

A. आम
B. जामुन
C. नीम
D. पीपल
उत्तर - …………………………………………..
उत्तर - C. नीम

प्रश्न 5. लैंगिक हार्मोन को नियंत्रित करने वाली ग्रंथि है–
A. पीयूष ग्रंथि
B. अग्नाशय ग्रंथि
C. थायराइड ग्रंथि
D. एड्रिल ग्रंथि
उत्तर - …………………………………………..
उत्तर -
प्रश्न 6. जलिय दस्त होना निम्नलिखित रोग का लक्षण है–
A. जुखाम
B. हैजा
C. टाइफाइड
D. चेचक
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - B. हैजा

प्रश्न 7. धनुष को खींचने के लिए धनुर्धर द्वारा लगाए गए बल का उदाहरण है–
A. गुरुत्व बल का
B. चुंबकीय बल का
C. असंपर्क बल का
D. पेशीय बल का
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - D. पेशीय बल का

प्रश्न 8. सिंचाई कार्य में उपयोग आने वाली आधुनिक विधि है–
A. रहट
B. ड्रिप तंत्र
C. चैन पंप
D. ढेकली
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - B. ड्रिप तंत्र

प्रश्न 9. प्रति एकांक क्षेत्रफल पर लगने वाला बल कहलाता है–
A. घर्षण
B. दाब
C. संपर्क बल
D. असंपर्क बल
उत्तर - …………………………………………..

उत्तर - B. दाब

प्रश्न 10. यदि आपतन कोण का मान 45 अंश है तब परावर्तन कोण का मान होगा–
A. 90 अंश
B. 180 अंश
C. 30 अंश
D. 45 अंश
उत्तर - …………………………………………..
उत्तर - 45 अंश

प्रश्न 11. खरपतवार फसलों को किस प्रकार नुकसान पहुंचाते हैं?
उत्तर -
……
……………………………………………………….
प्रश्न 12. हमारे दैनिक जीवन में प्राकृतिक गैस का क्या महत्व है?
उत्तर-………
……
प्रश्न 13. रेड डाटा पुस्तक क्या है? इसकी आवश्यकता क्यों है?
उत्तर-………
……
प्रश्न 14. जनन क्या होता है? जंतुओं में जनन की कौन सी विधियां हैं?
उत्तर-………
……
प्रश्न 15. मछली तथा मेढ़क एक साथ सैकड़ों अंडे देते हैं जबकि मुर्गी एक समय में एक ही अंडा देती है? समझाइए।
उत्तर-………
……
प्रश्न 16. पीयूष ग्रंथि किस प्रकार की ग्रंथि है और शरीर में कहां स्थित होती है?
उत्तर-………
……

प्रश्न 17. कैरम बोर्ड पर महीन पाउडर क्यों छिड़कते हैं?
उत्तर-..
....

प्रश्न 18. आसुत जल में विद्युत का चालन क्यों नहीं होता? कारण बताइए।
उत्तर-..
....

प्रश्न 19. विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव से आप क्या समझते हैं?
उत्तर-..
....

प्रश्न 20. तड़ित से अपनी सुरक्षा के उपायों को लिखिए।
उत्तर-..
....

प्रश्न 21. नाइट्रोजन चक्र को आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए।
उत्तर-..
....

प्रश्न 22. मोमबत्ती की ज्वाला का नामांकित चित्र बनाकर इसके विभिन्न क्षेत्रों को समझाइए।
उत्तर-..
....

प्रश्न 23. संतति के लिंग निर्धारण की प्रक्रिया को सचित्र समझाइए।
उत्तर-..
....

प्रश्न 24. तड़ित चालक किसे कहते हैं? तथा यह भवन की सुरक्षा किस प्रकार करते हैं? सचित्र समझाइए।

उत्तर-..
....

Ans-
11- खरपतवार फसल के पोषक, तत्व, नमी, प्रकाश, स्थान आदि के लिए प्रतिस्पर्धा करके फसल की वृद्धि, उपज एवं गुणों में कमी कर देते है।

12- प्राकृतिक गैस एक बहुत महत्वपूर्ण जीवाश्म ईंधन है, क्योंकि इसका परिवहन पाइपों द्वारा सरलतापूर्वक हो जाता है। प्राकृतिक गैस को उच्च दाब पर संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) के रूप में भण्डारित किया जाता है।

13- रेड डाटा पुस्तक, वह पुस्तक है जिसमें सभी संकटापन्न स्पीशीज का रिकार्ड रखा जाता है। पौंधों, जंतुओं और अन्य स्पीशीज के लिए अलग-अलग रेड डाटा पुस्तक है

15 - मछली तथा मेंढक एक साथ सैकड़ो अंडे देते हैं तथा लाखो शुक्राणु निर्माचित करते हैं जबकि मुर्गी में आंतरिक निषेचन होता है इस कारण वह एक समय में एक ही अंडा दे पाती है।

16 -पीयूष ग्रंथि एक ग्रंथि है जो मस्तिष्क के आधार पर और नाक के पुल के ठीक पीछे स्थित होती है। यह मुख्य रूप से लैंगिक परिपक्वता, प्रजनन आदि के लिए उत्तरदायी है।

17 - स्ट्राइकर/कैरम सिक्कों और कैरम बोर्ड के बीच घर्षण को कम करने के लिए पाउडर को कैरम बोर्ड पर छिड़का जाता है। पाउडर बोर्ड के पृष्ठ को चिकना कर देता है और इस प्रकार स्ट्राइकर और सिक्के उस पर आसानी से गति कर सकते हैं।

18- उत्तर - आसुत जल विद्युत का चालक नहीं होता क्योंकि यह एक संयोजी यौगिक है जिसका आयनीकरण नहीं होता आयनो की अनुपस्थिति ही असवित जल को विद्युत का कुचालक बना देती है।

19- किसी चालक द्रव में विद्युत धारा प्रवाहित करने पर रासायनिक प्रभाव उत्पन्न होती है जिसे विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव कहते हैं।